Hindi | हिन्दी

Australian Government

NATIONAL BOWELCANCER SCREENING PROGRAM

# कोलोनोस्कोपी करवाने के बारे में जानकारी



Interpreter

**अपनी भाषा में जानकारी के लिए**,
अनुवाद और दुभाषिया सेवा
(Translating and Interpreting Service)
को 13 14 50 पर फोन करें या
**www.health.gov.au/nbcsp-translations** पर जाएं

**आपके बॉउल कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट में आपके मल में रक्त पाया गया। रक्त पाए जाने के कई कारण हो सकते हैं; अधिकांश कारण कैंसर से संबंधित नहीं होते हैं, लेकिन इसका कारण पता लगाना महत्वपूर्ण है।**

☐ **अपने पॉज़िटिव टेस्ट परिणाम पर अपने डॉक्टर के साथ चर्चा करने के लिए अपॉइंटमेंट बुक करें।** आपका डॉक्टर कोलोनोस्कोपी कहे जाने वाले एक टेस्ट कराने का सुझाव दे सकता है।

## कोलोनोस्कोपी के बारे में

कोलोनोस्कोपी एक ऐसी प्रक्रिया है जो आपके बॉउल (आंत्र) के अंदर देखने के लिए एक छोटे कैमरे के साथ एक पतली लचीली ट्यूब का उपयोग करती है, जिसे कोलोनोस्कोप (स्कोप) कहा जाता है।

डॉक्टर आपको सुन्न करने की दवा देगा (जिसे बेहोश करने की क्रिया कहा जाता है)।

जब आप लेटे होते हैं, तो डॉक्टर पॉलीप्स या ग्रोथ (वृद्धियाँ) देखने के लिए आपकी गुदा के माध्यम से और आपके बॉउल (आंत्र) में स्कोप डालेंगे।

आप इसे महसूस नहीं करेंगे या कोलोनोस्कोपी के दौरान क्या होता है, आपको इसका पता नहीं लगेगा।

प्रक्रिया में 45 मिनट तक का समय लगता है। आप 3 से 4 घंटे के लिए अस्पताल में ही रहने की उम्मीद कर सकते हैं।

आप किसी सरकारी या गैर-सरकारी अस्पताल या फिर किसी क्लिनिक में अपनी कोलोनोस्कोपी को करवाने का चयन कर सकते हैं।

## मेरा डॉक्टर कोलोनोस्कोपी करवाने का सुझाव क्यों देगा?

- कोलोनोस्कोपी रक्तस्राव के कारण की जांच करने का सबसे अच्छा तरीका है।
- कोलोनोस्कोपी के दौरान, डॉक्टर आमतौर पर पाए गए किसी भी पॉलीप्स या ग्रोथ (वृद्धियों) को निकाल देगा।
- पॉलीप आंत्र की दीवार से जुड़ी एक छोटी ग्रोथ (वृद्धि) होती है जो कभी-कभी कैंसर में विकसित हो सकती है।
- पॉलीप्स को हटाने से कैंसर को रोकने में मदद मिल सकती है और यह प्रक्रिया दर्द रहित होती है।
- हटाए गए पॉलीप्स या ग्रोथ (वृद्धियाँ) का परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा यह पता करने के लिए किया जाता है कि क्या वे घातक (कैंसरयुक्त) हैं या सौम्य (हानिरहित) हैं।

## मैं कोलोनोस्कोपी के लिए तैयारी कैसे करूँ?

यदि आपको कोई स्वास्थ्य समस्याएँ हैं या आप नियमित तौर पर दवा का सेवन करते हैं, तो अपनी बॉउल (आंत्र) की तैयारी शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से बात करें। वे आपको आपकी कोलोनोस्कोपी से पहले कुछ दिनों के लिए कुछ दवाएं लेना बंद करने के लिए कह सकते हैं।

आपको बताया जाएगा कि तैयारी कैसे करनी है, जिसमें शामिल है:

- **आहार।** अपनी कोलोनोस्कोपी से पहले के दिनों में क्या खाना और पीना है।
- **बॉउल (आंत्र) की तैयारी।** दवा के साथ एक किट कैसे प्राप्त करनी है जो आपको अपने बॉउल (आंत्र) को खाली करने के लिए शौचालय में जाने पर विवश कर देगी।

आपको आंत्र तैयारी के निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करना होगा ताकि डॉक्टर आपके आंत्र के अंदर तक देख सकें। अन्यथा, आपको दोबारा कोलोनोस्कोपी करवाने की आवश्यकता हो सकती है।

## कोलोनोस्कोपी के बाद क्या होता है?

जब आप कोलोनोस्कोपी की प्रक्रिया के बाद बेहोशी से जागते हैं तो आपको खाने और पीने के लिए कुछ दिया जाएगा। आप अपना पेट फूला हुआ महसूस कर सकते हैं, लेकिन यह केवल एक घंटे तक रहेगा। हो सकता है कि आपके मल-मूत्र में थोड़ा रक्त आए, लेकिन ऐसा होना सामान्य है।

आपको बताया जाएगा कि यह प्रक्रिया कैसी गई, घर पहुंचने पर खुद की देखभाल कैसे करनी है, अपने सामान्य आहार और दवाओं का सेवन फिर से कब शुरू करना है, और कोई भी फॉलो-अप (आगे की कार्यवाही) जिसकी आवश्यकता हो। यह ज़रूरी है कि कोई मित्र या परिजन आपको घर ले जाए और आपके साथ रहे।

आपको और आपके डॉक्टर को कोलोनोस्कोपी और किसी भी प्रयोगशाला परीक्षण के परिणामों के बारे में एक रिपोर्ट दी जाएगी।

आपको या आपके डॉक्टर को अपने प्रयोगशाला परिणाम को नेशनल कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर में रिपोर्ट करना चाहिए।

क्योंकि आपको बेहोश करने की दवा दी जाती है, इसलिए आपको अपनी कोलोनोस्कोपी के बाद 24 घंटे तक निम्नलिखित काम नहीं करने चाहिए:

- गाड़ी चलाना
- अकेले यात्रा करना
- मशीनरी का प्रयोग करना
- कानूनी कागजात पर हस्ताक्षर करना
- एल्कोहॉल (शराब) पीना।

## कोलोनोस्कोपी कितनी सटीक होती है?

कोलोनोस्कोपी बहुत सटीक होती है और यह पता लगाने का सबसे अच्छा तरीका है कि आपका पॉज़िटिव टेस्ट परिणाम क्यों आया था। अभी भी इस बात की थोड़ी संभावना होती है कि आपकी कार्यविधि के दौरान कुछ चूक या छूट गया हो।

यदि कोई कैंसर या पॉलीप्स नहीं पाया जाता है, तो आपको नेशनल बॉउल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम के साथ स्क्रीन (जांच) करवाना जारी रखना चाहिए। जब आपकी अगली स्क्रीन (जांच) की बारी आएगी, तो हम आपको एक और टेस्ट भेजेंगे।

## क्या इसके कोई जोखिम या दुष्प्रभाव होते हैं?

कोलोनोस्कोपी के बाद दुष्प्रभाव होने आम नहीं हैं। आंत्र की तैयारी से आपको सिरदर्द या उल्टी हो सकती है या फिर कोलोनोस्कोपी के बाद आपको रक्तस्राव हो सकता है। आपको बेहोश करने की दवा से की प्रतिक्रिया हो सकती है, लेकिन ऐसा होना आम नही है। ऐसा बहुत ही असामान्य है, परन्तु कुछ लोगों को वापस अस्पताल जाने की आवश्यकता पड़ती है।

आपको अपनी कोलोनोस्कोपी से पहले किसी भी जोखिम या चिंताओं के बारे में अपने डॉक्टर से बात करनी चाहिए।

## क्या कोलोनोस्कोपी करवाने का कोई खर्च होता है?

सरकारी अस्पताल में एक सार्वजनिक रोगी (पब्लिक पेशेंट) के रूप में कोलोनोस्कोपी करवाने का कोई खर्च नहीं होता है। यदि आप एक निजी रोगी (प्राइवेट पेशेंट) के तौर पर कोलोनोस्कोपी करवाते हैं तो आपके प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस (निजी स्वास्थ्य बीमा) पर निर्भर करते हुए आपको भुगतान करना पड़ सकता है। हो सकता है कि आपको बॉउल (आंत्र) तैयारी किट के लिए भुगतान करना पड़े।

## सवाल?

यह ब्रोशर आपको कोलोनोस्कोपी कार्यविधि को समझने में मदद कर सकता है। आपका डॉक्टर या अस्पताल आपको और अधिक जानकारी दे सकते हैं।

DT0004036 - 0825

नेशनल बॉउल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें

**www.health.gov.au/nbcsp.**